तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 जुलाई 2024

13 धरना देकर फूंका विजिलेंस ऑफिसर का पुतला



14 कॉलेज में पहले दिन हुआ भव्य स्वागत



## खबर संक्षेप

### जमानत पर चल रहे युवक पर हमला

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में घर के अंदर घुसकर मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। हत्या के मामले में जेल से जमानत पर आए युवक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। वेस्ट राम नगर निवासी सचिन उर्फ पलटू ने बताया कि वह गुरुग्राम में फिलटर पानी सप्लाई का काम करता है। उसे हत्या के मामले में सजा हो चुकी है। वह हाई कोर्ट से जमानत पर आया हुआ है। वह रात को अपनी दादी व बुआ सहित व दोस्त के साथ अपने घर पर सो रहा था। उसी दौरान राहुल, कालू, हर्ष, मंजीत व कालू उसके घर में घुस आए। लोहे की रॉड से उसपर व उसके दोस्त सचिन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई बुजुर्ग बुआ पर हमला कर दिया। शोर सुनने पर धमकी देकर फरार हो गए।

### युवक ने की आत्महत्या प्रताड़ना का आरोप

**गोहाना।** शहर में समता चौक के निकट वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले युवक ने पत्नी और उसके स्वजन की प्रताड़ना से तंग आकर जान दे दी। मां ने आरोप लगाया कि पुत्रवधू उसके बेटे को नामर्द होने का ताना मारती थी। मां की शिकायत पर बेटे की पत्नी, ससुर और साले पर मामला दर्ज किया गया। वाल्मीकि बस्ती में रहने वाली सुनीता ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे नवीन की शादी लगभग एक माह पहले गांव बिचपड़ी की युवती से हुई थी। शादी के पहले दिन से ही नवीन से उसकी पत्नी ने झगड़ा करना शुरू कर दिया था। रविवार रात को नवीन ने अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### स्टेशन पर मिले युवक की अस्पताल में मौत

**सोनीपत।** सोनीपत स्टेशन परिसर में युवक संदिग्ध हालत में पड़ा हुआ मिला। राहगीरों की मदद से युवक को उपचार के लिए डायल-112 की टीम अस्पताल में लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया। थाना प्रभारी महावीर ने बताया कि डायल 112 से सूचना मिली थी कि एक युवक संदिग्ध हालत में स्टेशन परिसर में पड़ा हुआ है। उसे लेकर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी ने बताया कि मृतक की पहचान के आसपास में प्रयास किए जा रहे है। मृतक की आयु करीब पैंतीस वर्ष है। जल्द पहचान करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# चिकित्सकों ने मांगों लेकर दो घंटे बंद रखी ओपीडी, इलाज के लिए भटकते रहे मरीज



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़।




सोनीपत। मांगों को लेकर विरोध जताते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नागरिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में सोमवार को सभी डॉक्टरों ने कलम छोड़ दो घंटे तक हड़ताल रखी। इसके चलते अस्पतालों में मरीज इलाज के लिए भटकते रहे। सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी में मरीजों को उपचार नहीं मिल सका। वहीं जिला अस्पताल में चिकत्सिकों ने एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ रोष जताया और लंबित मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। चिकत्सिकों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो आगामी 25 जुलाई को आपातकालीन सेवाओं को बंद करके हड़ताल पर चले जायेगें। वहीं अस्पताल प्रबंधन व जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने ओपीडी का औचक निरीक्षण करके हड़ताल पर रहने वाले चिकत्सिकों हाजिरी जांची।बता दें कि हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर 110 डॉक्टरों ने विशेषज्ञों के लिए अलग से कैडर बनाने समेत अन्य मांगों को लेकर सोमवार को जिला नागरिक अस्पताल सहित सीएचसी व पीचएसी स्तर पर दो घंटे तक हड़ताल रखी। इस बीच उपचार न मिलने के कारण अधिकतर मरीजों व उनके साथ आए तीमारदारों को लौटना पड़ा। उसके बाद 11 बजे हड़ताल खत्म होने पर चिकत्सिकों ने ओपीडी सेवाओं को शुरू किया। जिससे मरीजों को राहत मिल सकी। नागरिक अस्पताल में 11 बजे के बाद 600 से ज्यादा मरीजों का उपचार किया गया। वहीं मरीजों को मजबूर निजी अस्पतालों की तरफ रुख करना पड़ा। जिला नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष के बाहर इकट्ठा होकर जिले में तैनात डॉक्टरों ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जिला प्रधान डा. राहुल आंतिल ने बताया कि पहली मांग पीजी बॉन्ड 50 लाख से कम करना और दूसरी मांग एसएमओ की सीधी भर्ती नहीं करने की है। उस दौरान तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने दोनों ही मांग पर सैद्धांतिक सहमति जताई थी, मगर उसके बाद बात आगे नहीं बढ़ी। दूसरी मांग सीधे एसएमओ की भर्ती पर रोक लगाए जाएं। तीसरी मांग एसीपी और भत्ते केंद्र सरकार के बराबर देने और चौथी मांग विशेषज्ञ डॉक्टरों का अलग कैडर बनाने की मांग की थी। जिला प्रवक्ता डा. प्यारेलाल मलिक, डा. सीमा, डा. राजेश सिंघल ने बताया कि विशेषज्ञों के लिए अलग से कैडर बनाने की मांग की जा रही है। इसको लेकर दो साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी। दो साल बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। एसोसिएशन ने तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को भी अलग कैडर बनाने समेत अन्य मांगों को लेकर मांग पत्र दिया था । उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो 25 जुलाई से आपातकालीन समेत सभी सेवाएं बंद कर देंगे।

### बाल रोग व महिला रोग विशेषज्ञ की ओपीडी रही जारी

जिला नागरिक अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ डा. अलंकृता गेरा व महिला रोग विशेषज्ञ डा. पुष्पा पूनिया की ओपीडी हड़ताल के दौरान जारी रही। दोनों विशेषज्ञ एसएमओ कैडर की हैं। वहीं ईएनटी विशेषज्ञ डा. प्रदीप लाकड़ा आकस्मिक अवकाश (सीएल) पर रहे। इससे नाक, कान, गले के मरीजों को उपचार नहीं मिल सका। जबकि नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. विकास चहल किसी जरूरी कार्य के चलते चंडीगढ़ गए हुए थे और डा. लतिका दलाल नेत्र जांच शिविर में सेवाएं देने गई हुई थी। ऐसे में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. सुशील मनिकटारिया ने मरीजों का उपचार किया।

### रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी

डॉक्टर द्वारा सोमवार को दो घंटे की हड़ताल की जानकारी पहले से ही थी। ओपीडी में गायनी डॉक्टर को तैनात कर मरीजों को उपचार देने का प्रयास किया गया। वहीं दो घंटे बाद डॉक्टर अपनी-अपनी ओपीडी में वापिस पहुंच गए। उसके बाद मरीजों की जांच शुरू कर दी। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट तैयार कर भेज दिया गया है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को नर्णिय लेना है। वहीं 25 जुलाई के लिए आईएमए से संपर्क किया जायेगा।

-**डा.जयकिशोर** जिला स्वास्थ्य अधिकारी

## कर्मचारियों ने एसएमओ के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

शहर के सरकारी अस्पताल में एसएमओ डॉ.आशा सहरावत के व्यवहार के विरोध में कई चिकित्सिक व स्वास्थ्य कर्मी खड़े हो गए हैं। उन्होंने बैठक कर दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया व अन्य राजनीतिक नेताओं के समक्ष अपनी समस्या रखी। अपना पक्ष रखते हुए एसएमओ डॉ सतपाल ने कहा कि सोमवार को वह दवाइयां लेने व विभागीय कार्यों से सोनीपत गए हुए थे। अधीनस्थ कर्मचारियों ने उन्हें फोन पर बताया कि उनके कमरे की मेज पर रखे हुए सामान को एसएमओ डॉ आशा सहरावत द्वारा बाहर फेंक दिया गया है और उनके कमरे के बाहर लगी नेम प्लेट को भी उखाड़ दिया गया है। इतना ही नहीं, कर्मचारियों को भी प्रताड़ित किया जा रहा है। अस्पताल के स्टाफ ने महिला चिकत्सिक के खिलाफ पहले भी सरकार को शिकायत भेजी थी। वह सोनीपत से आने के बाद अस्पताल इसलिए नहीं गए कहीं महिला चिकत्सिक उन पर कोई निराधार आरोप न लगा दे। यही कारण है कि वह चिकत्सिकों व अन्य स्टाफ के साथ दहिया खाप व राजनीति पार्टी के नेताओं के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंचे हैं। दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया ने कहा अस्पताल में में जो विकट स्थिति पैदा हुई है, वह अशोभनीय है। जबकि दूसरी तरफ एसएमओ डॉ आशा सहरावत का कहना है कि जो भी उन पर चिकत्सिकों व कर्मचारियों द्वारा आरोप लगाए गए हैं, वे बेबुनियाद हैं।



खरखौदा। बैठक में मौजूद दहिया खाप प्रधान व अन्य।

## मिशन एडमिशन : दो चरणों की दाखिला प्रक्रिया के बाद भी 50% सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

महावद्यिालयों में चल रही स्नातक कक्षाओं की दाखिला प्रक्रिया दो चरणों के बाद सोमवार को संपनन हो गई। दूसरी वरीयता सूची में शामिल विद्यार्थियों के पास दाखिला लेने का अंतिम दिन होने के कारण महावद्यिालयों में वद्यिार्थियों का आगमन लगा रहा। दो चरणों की दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बावजूद अधिकतर महाविद्यालियों में करीब 50 फीसदी तक सीटें रक्ति हैं। विद्यार्थियों के साथ ही प्रबंधन को भी अब रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए फिजिकल कांउसिलिंग से ही आस है।

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए दूसरी वरीयता सूची 12 जुलाई को जारी की गई थी। हालांकि दूसरी सूची में बेहद कम विद्यार्थियों का नाम शामिल किया गया था। सूची में शामिल विद्यार्थियों को अपना दाखिला सुनश्चिति करवाने के लिए 15 जुलाई तक का समय दिया गया था। सोमवार को अंतिम दिन होने के कारण महाविद्यालियों में सुबह से ही छात्रों की भीड़ लगने लगी थी। महाविद्यालियों में भी कर्मचारी दिन भर दाखिला प्रक्रिया पूरी करने में व्यस्त रहे।

कॉलेज पहुंचे विद्यार्थियों ने काउंटर पर फीस जमा करते हुए अपना दाखिला सुनश्चिति करवाया।

### कल से फिजिकल कांउसिलिंग



दो चरणों की दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बाद भी महाविद्यालियों में सीटें रक्ति हैं। जिन पर दाखिला के लिए अब फिजिकल काउंसिलिंग पर सबकी निगाह टिकी है। 17 जुलाई से फिजिकल काउंसिलिंग शुरू की जाएगी। जिन विद्यार्थियों ने अब तक किसी कारणों से दाखिले के लिए आवेदन नहीं किया था, वह भी 17 जुलाई से पोर्टल ओपन होने पर नए सिरे से आवेदन कर दाखिला ले सकते हैं। जिन विद्यार्थियोंने पंजीकरण करवाया हुआ है और दोनों चरणों की दाखिला प्रक्रिया में नाम नहीं आया है तो वह भी फिजिकल काउंसिलिंग में शामिल होकर दाखिला ले सकते हैं।

### मारपीट कर स्कूटी छीनने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने मारपीट कर स्कूटी छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल निवासी नार्थ दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। नाहरी निवासी नितिन ने गत जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने दोस्त दीपांशु के साथ अपने कमरे में बैठा हुआ था। करीब डेढ बजे शिवम व हिमांशु व फाण्डा मल्हा माजरा व राहुल काम पर चलने की कहने लगे। वह स्कूटी लेकर अपने दोस्त के साथ घर से चला गया। उसके बाद नाहरी सड़क मार्ग पर उसे शिवम ने गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उस पर डंडे से हमला कर दिया। उसके बाद उसकी स्कूटी लेकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उसने अस्पताल पहुंचकर उपचार करवाया। मामले में कार्रवाई करते हुए सिपाही राकेश की टीम ने आरोपित राहुल को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

## आपत्तिजनक फोटो खींचकर ब्लैकमेल करने का आरोप

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति को मकान खरीदने के बहाने घर बुलाने के बाद निर्वस्त्र कर फोटो खींचने और फिर धमकी देकर 2.02 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि अब भी फोटो वायरल करने की धमकी देकर उनसे रुपये की मांग की जा रही है। पीड़ित की शिकायत पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

कल्याण नगर निवासी रामकुमार ने बताया कि उसका एक मकान शहर में है। वह मकान को बेचना चाहता है। उसके पास किसी महिला का फोन आया और मकान खरीदने की बात कही। उसके बाद 29 जून को किसी अन्य नंबर से कॉल की और कहा कि उन्हें ही मकान खरीदना है। साथ ही उन्हें कहा कि आप ककरोई चौक पर आ जाना। पीड़ित ने बताया कि वह उस दिन दिल्ली में थे। जब वह बताए स्थान पर पहुंचे तो घर के बाहर एक महिला मिली और उसने कहा कि आप अंदर आ जाओ, चाय-पानी पीने के बाद मकान देखने चलेंगे। वह उनके घर में चला गया। इस पर उसने दो महिलाओं व एक युवक को बुला लिया। उन दो महिलाओं व युवक ने जबरन उनके कपड़े उतार दिए और उन्हें निर्वस्त्र कर दिया। बाद में उनके फोटो खींच लिये। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उन्होंने उनकी जेब से जबरन 22 सौ रुपये निकाल लिए गए। फिर उनसे साढ़े तीन लाख रुपये की मांग की। उन्होंने इतने पैसे नहीं होने की बात कही। साथ ही उन्हें कहा कि वह दो लाख रुपये दे सकते हैं। उन्होंने उन्हें जाने दिया। वह घर से चेक बुक लेकर बैंक में पहुंचे और दो लाख रुपये निकाल कर उन्हें ले जाकर दे दिए। आरोपी उसपर और पैसे देने का दबाव बना रहे है।

### युवक की संदिग्ध मौत, जांच की मांग

**सोनीपत।** गांव राठधना के युवक की दिल्ली के नरेला थाना क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। युवक के परिजनों ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि उनका बेटा जिस युवती संग रहता था उससे व उसके परिचितों से पूछताछ कर मामले का खुलासा किया जाना चाहिए। सोमवार को लघु सचिवालय में परिजनों संग पहुंची गांव राठधना की राजकुमारी ने बताया कि उनका बेटा धर्मेंद्र एक युवती संग था। वह उसे उज्जैन भी ले गई थी। बेटे ने बताया था कि युवती व उसके परिचित उसके कमरे में बैठे हैं। वह उनके साथ गलत कर सकते हैं। उन्होंने 112 पर कॉल कर दी थी। जिस पर पुलिस अधिकारियों ने भोपाल पुलिस से संपर्क किया था। पुलिस उनके बेटे के पास गई थी। तब उनके बेटे को शिकायत देने को कहा था। उसके बाद उनके बेटे को थाने नहीं जाने दिया गया। धर्मेंद्र ने कॉल की थी कि उसके साथ धोखा हुआ है। बाद में 18 जून को नरेला क्षेत्र से युवती ने कॉल कर धर्मेंद्र के भाई को बताया था कि आपके भाई ने फंदा लगा लिया है। वह पहुंचे तो उनका भाई फर्श पर पड़ा था।

# मुरथल विवि में मांगों को लेकर गैर शिक्षक कर्मचारियों और शोधर्थियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- कर्मचारी में लंबित मांगों के पूरा न होने पर रोष

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों की मांगों का समाधान विवि प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है, जिस कारण कर्मचारियों का धरना सोमवार को जारी रहा। इस मौके पर कर्मचारियों के प्रधान आनंद राणा ने बताया कि कुलपति काफी लंबे समय से लंबित जायज मांगों को पूरा करने की बजाय उन्हें लटका रहे हैं व तानाशाही रवैये पर पड़े हुए हैं, जिसका कर्मचारी पुरजोर विरोध करते हैं। धरने में शामिल कच्चे कर्मचारियों को डराने के लिए उनके विभागाध्यक्षों से उनकी रिपोर्ट मांग ली है और शोधार्थियों की मांगों के वश्लिेषण के लिए ऐसे प्रोफेसरों की कमेटी गठित कर दी है जिन पर शोधार्थी पहले से ही परेशान करने का आरोप लगा चुके हैं। सोमवार को विवि में कर्मचारियों का समर्थन करने के लिए सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य के उपप्रधान विजेंद्र चहल, एसकेएस जिला सोनीपत के प्रधान देसराज नैन व महासचिव सुनील दत्त भी अपनी टीम के साथ पहुंचें और उन्होंने विवि प्रशासन की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कर्मचारियों को वश्विास दिलाया कि अगर विवि प्रशासन एक या दो दिन में सभी धरनारत कर्मचारियों और शोधार्थियों की मांगों को पूरा नहीं करता, तो सर्व कर्मचारी संघ भी विवि प्रशासन के खिलाफ अपना मोर्चा खोल देगा। राणा ने बताया कि मंगलवार को से विवि की शिक्षक यूनियन भी धरनारत कर्मचारियों के समर्थन में आ रही है। इस मौके पर सुरेश कुमार, प्रवेश त्यागी, जयप्रकाश, विनोद, राज सिंह, रंजीत व अन्य मौजूद रहे।



सोनीपत। मुरथल विवि के बाहर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### शोधर्थियों को समर्थन देने पहुंचे संगठन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शोधार्थी छुट्टी वाले दिन भी धरने पर रहे और धरना अभी भी जारी है। आन्दोलन का दायरा लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को 30 से भी ज्यादा शोधार्थी धरने पर रहे। आज धरनारत शोधार्थियों को समर्थन देने के लिए किसान और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि भी पहुंचे। सर्व कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और आन्दोलन का समर्थन करते हुए कहा कि अगर वीसी जल्द ही शोधार्थियों की समस्या का समाधान नहीं करते हैं तो संघ के सदस्य वीसी के कार्यालय पर ताला लगाने का काम करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में बिजेंद्र चहल राज्य सचिव, देशराज नैन जिला प्रधान, सुनील कुमार जिला महासचिव मुख्य तौर पर मौजूद रहे।




# कन्या महावद्यिालय की प्रबंधन समिति चुनाव में नहीं बन सकी सर्वसम्मति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

प्रधान पद पर सर्वसम्मति बनाने की दिशा में बात चली तो पूर्व एसीपी महावीर सिंह को सर्वप्रथम बोलने का मौका दिया। उन्होंने सर्वसम्मति के पक्ष में हामी भर दी । अगला अवसर सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता धर्मबीर को मिला, उन्होंने सर्वसम्मति पर नाराजगी जताई और चुनाव करवाए जाने को सही बतलाया ।

जिस पर उनके समर्थकों ने तालियां बजाई। जिस पर दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया ने मंच से कुछ कहा तो धर्मबीर डराने का आरोप लगाते हुए पंचायत स्थल से बाहर निकल गए। इस चक्कर में कई वे व्यक्ति भी बाहर निकल गए, जो अन्य पदों के नामांकन कर्ता थे। इसके बाद महावद्यिालय में हुई पंचायत में किसी भी पद पर सहमति नहीं बन पाई। यह अलग बात है कि गोपालपुर से सतबीर पहलवान ने ऐलान किया था कि सर्वसम्मति बनी तो 5 लाख रुपए कन्या महावद्यिालय का दान में देंगे। इस मौके पर प्रधान पद के सभी दावेदार जिनमें पूर्व एसीपी महावीर, विपुल दहिया, नीरज दहिया, धर्मेंद्र दहिया, जितेंद्र दहिया व अर्जुन अवार्डी संजय पहलवान , दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया, अशोक सरोहा, कुलदीप पहलवान, सिकंदर दहिया, बालकिशन पाराशर, सतबीर पहलवान गोपालपुर, सहित विभन्नि समाज सेवी व्यक्तियों ने अपने विचार रखे।

### ये उम्मीदवार चुनाव मैदान में

प्रधान पद के लिए धर्मवीर सिंह, जितेंद्र दहिया, धर्मेंद्र दहिया व विपुल दहिया, उप प्रधान के लिए दिनेश व कुलदीप दहिया, महासचिव के लिए नीरज दहिया, सिकंदर दहिया, बलराज दहिया, कोषाध्यक्ष के लिए बालकिशन पाराशर व प्रदीप दहिया मैदान में है। कार्यकारिणी के चार पदों के लिए 19 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### ये मामला भी उठा

पंचायत में कुलदीप दहिया ने कहा कि महिलाओं का कॉलेज है, इसलिए कार्यकारिणी का दफ्तर कॉलेज से बाहर होना चाहिए ताकि पढ़ाई वह कॉलेज स्टाफ डिस्टर्ब न हो

### पहली बार होंगे चुनाव

खरखौदा कन्या महावद्यिालय के इतिहास में कभी भी चुनाव नहीं हुए, लेकिन इस बार चुनाव के हालात बन गए हैं। कई प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जबकि कई लोगों ने अपने नामांकन वापस ले लिए हैं।



अपने लविंग पार्टनर को लेकर थोड़ा-बहुत पजेसिव होना तो सामान्य है। लेकिन यह बिहेवियर जब ऑब्सेशन में बदल जाए तो स्थिति चिंताजनक हो जाती है। ऐसा एक साइको कंडीशन 'लव ब्रेन' की वजह से हो सकता है। इस मेंटल कंडीशन के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। ऐसे में सजग रहते हुए इसके लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में जानना जरूरी है।

# पार्टनर का ऑब्सेसिव बिहेवियर लव ब्रेन का हो सकता है शिकार हो जाएं सजग

कवर स्टोरी




पूजा आनंद शर्मा
मनोवैज्ञानिक, विश्वास हीलिंग सेंटर, दिल्ली




हाल ही में सोशल मीडिया पर चीन से आई 'लव ब्रेन' की खबर सुर्खियों में रही। एक अट्ठारह साल की लड़की की अपने ब्वॉय फ्रेंड के प्रति चाहत इतनी बढ़ गई कि वह हर वक्त उसे अपने आस-पास देखना चाहती थी। वह उसकी हर एक्टिविटी पर नजर रखने लगी। ब्वॉय फ्रेंड दूर होने पर वह उसे कॉल करती रहती थी। उसका ऑब्सेसिव बिहेवियर इस कदर बढ़ गया कि वह अपने ब्वॉय फ्रेंड को दिन में सौ बार से अधिक कॉल करने लगी। गर्ल फ्रेंड के पजेसिव बिहेवियर से परेशान होकर लड़के को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। मेडिकल जांच में पता चला कि लड़की 'लव ब्रेन' की मरीज है। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## समझें ऑब्सेसिव बिहेवियर

लव ब्रेन को समझने से पहले ऑब्सेसिव बिहेवियर को जानना जरूरी है। आज के दौर में प्यार करने वाले कई लोगों में ऑब्सेसिव बिहेवियर देखने को मिल जाता है। ऐसे लोगों में इमोशनल स्टेबिलिटी का अभाव होता है। यानी रिश्ते को लंबे समय चलाने के लिए जरूरी भावनात्मक मजबूती की कमी होती है। ऐसे लोग दूसरे के साथ रिश्ता तो कायम कर लेते हैं, लेकिन भावनात्मक मजबूती के अभाव में उस रिश्ते से बहुत जल्दी दूर भी हो जाते हैं।

## क्या हैं लक्षण

आमतौर पर जब दो शख्स एक-दूसरे से प्यार करते हैं तो वे चाहते हैं कि उनका पार्टनर उनका खूब ख्याल रखे, अपना पूरा वक्त उसे दे, सिर्फ उनके साथ ही घूमे-फिरे। जब यही प्यार दिल और दिमाग पर हावी होने लगता है, तो एक गंभीर बीमारी का रूप ले लेता है। व्यक्ति अपनी जिंदगी भूल कर बस सिर्फ अपने साथी के बारे में सोचता है। पार्टनर के प्रति वह इतना पजेसिव हो जाता है कि दिनभर उससे संपर्क रखने की पुरजोर कोशिश करता है। कई बार मैसेज भेजता है या फोन करता है। इग्नोर या रिजेक्ट किए जाने को स्वीकार नहीं कर पाता। उससे बेवजह लड़ाई-झगड़ा करने लगता है। यहां तक कि एंग्जाइटी या डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। पीड़ित व्यक्ति भावनात्मक रूप से अशांत रहता है।अपने साथी के दूर होने का डर उसे हमेशा सताता रहता है। अपने पार्टनर की अटेंशन पाने के लिए ऊटपटांग हरकतें करता है। उसमें मनोभावों को कंट्रोल करने की क्षमता कम होती जाती है, जिससे मूड स्विंग की प्रॉब्लम होती है।

### क्या है लव ब्रेन की स्थिति

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार लव ब्रेन की स्थिति एक गंभीर मनोवैज्ञानिक स्थिति है। इसे बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर भी कहा जाता है। यह प्यार का ऐसा ऑब्सेसिव बिहेवियर है, जो बेहद खतरनाक है। इसमें व्यक्ति खुद को या अपने पार्टनर को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचा सकता है।

## उपचार का तरीका

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि ऑब्सेसिव बिहेवियर के बारे में हमें सजग रहना जरूरी है। बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर को अगर समय रहते कंट्रोल ना किया जाए तो यह बड़ी बीमारी का रूप भी ले सकता है। व्यक्ति के ऑब्सेसिव बिहेवियर में सुधार ना हो तो यथाशीघ्र मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट की मदद जरूर लें। एक्सपर्ट विभिन्न प्रकार की साइकोथैरेपी के माध्यम से व्यक्ति का बिहेवियर मॉडिफिकेशन करते हैं, जिसके लिए उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों से भी मदद लेते हैं।

## ऐसे करें बचाव

व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए तैयार करना चाहिए। जिसमें वह खुद के साथ ज्यादा वक्त बिताए, अपनी भावनाओं को समझे, अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। इसके अलावा ऑब्सेसिव बिहेवियर के बचाव के लिए कुछ और बातें भी ध्यान में रखें-

- अगर व्यक्ति अपने पार्टनर में ऑब्सेसिव बिहेवियर महसूस कर रहा है तो ऐसे में जरूरी है कि उससे कुछ समय के लिए दूरी बना लेनी चाहिए। उसे पूरा स्पेस देना चाहिए ताकि वह अपनी भावनाओं को कंट्रोल कर सके।
- ऑबसेस्ड व्यक्ति को अपनी हॉबीज के हिसाब से अपने पसंदीदा काम या क्रिएटिव एक्टिविटीज करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
- उसे अपने दोस्तों और परिवार के अन्य सदस्यों से संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार करना चाहिए। ताकि वो उनसे अपने मन की बात शेयर कर सके और तनावपूर्ण स्थिति से निकल सके।
- ऑब्सेसिव बिहेवियर के शिकार व्यक्ति को जिंदगी में किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि वह उसे पाने के लिए भरसक कोशिश करता रहे और व्यस्त रहे। वरना उसमें नकारात्मकता आ सकती है और अपने साथी के प्रति ज्यादा ऑब्सेसिव हो सकता है।

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

### क्या हैं कारण



सवाल उठता है कि आखिर आंखों से शुरू होने वाला प्यार दिल और दिमाग पर इतना हावी कैसे हो जाता है, जो इतनी चिंताजनक स्थिति को जन्म देता है? इसके पीछे कई कारण हैं-

**चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होना:** लव ब्रेन, आमतौर पर उन लोगों को होता है, जो बचपन में किसी ट्रॉमा का यानी कि चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होते हैं। यानी बचपन से ही वे अपने पैरेंट्स के बीच आपस में प्यार या लगाव ना होने, उनके बीच लड़ाई-झगड़े होते देखते हैं। ऐसे बच्चों के अंतस में बचपन से ही अपने साथी पर अविश्वास करने की भावनाएं बैठ जाती हैं, जो भविष्य में या बड़े होने पर उनके व्यवहार में खुद-ब-खुद आ जाती हैं। रिलेशनशिप में अगर व्यक्ति का अपने पार्टनर के साथ गहरा संबंध स्थापित नहीं हो पाया है या पार्टनर उनके मुताबिक नहीं चलता, तो लव ब्रेन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**ओवर कॉन्फिडेंस होना:** व्यक्ति को भ्रम रहता है कि वह जो कर रहा है, ठीक कर रहा है। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। एक तरह से उसमें ओवर कॉन्फिडेंस आ जाता है कि उससे अच्छा कोई नहीं कर सकता, वह सामने वाले व्यक्ति पर एकाधिकार जमाने लगता है।

**एल्कोहलिक होना :** ऐसे लोगों में एल्कोहल या ड्रिंक करने की आदत जरूर पाई जाती है। भले ही शुरू में वे कभी-कभार करते हैं लेकिन धीरे-धीरे इसके आदी हो जाते हैं, अपने सामने किसी की नहीं सुनते।

**अहंकारी होना:** ऐसे लोगों में ईगो बहुत होता है। अपने आप को स्पेशल समझते हैं। उन्हें लगता है कि वह जो कर रहे हैं, वह बहुत अच्छा कर रहे हैं। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। वह अपने साथी के प्रति ऑब्सेसिव हो जाते हैं, उनके साथ अलग तरह का बर्ताव करने लगते हैं। एकाधिकार कायम करने में असफल होने पर उन्हें बुरा लगता है और गुस्से में गलत कदम तक उठा लेते हैं।

मेडिकल एडवाइस

डॉ. जे. के. गुप्ता जनरल फिजीशियन, दिल्ली

अन्य मौसमों की तुलना में बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका अधिक होती है। इसलिए इस दौरान एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। बारिश में बीमारी से बचने के लिए वे कौन-सी सावधानियां हैं, जिन्हें बरतना जरूरी है, जानिए।

# तब बारिश के मौसम में आप नहीं होंगी बीमार



बारिश के मौसम में कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स की आशंका बढ़ जाती है। जरा-सी असावधानी होने पर सर्दी, खांसी, गले में खराश, वायरल फीवर, एलर्जी, डायरिया, फूड प्वॉयजनिंग या फिर मच्छर काटने से मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इस मौसम में हमारे शरीर की इम्यूनिटी भी कमजोर हो जाती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि मानसून के दौरान खुद को हेल्दी रखने के लिए ऐसी डाइट लें, जो इंफेक्शन से हमें बचाने में हेल्पफुल हो। अगर आप इस मौसम में कुछ छोटी लेकिन जरूरी बातों को ध्यान में रखेंगी तो इन मौसमी बीमारियों और इंफेक्शन से बची रह सकती हैं और अपने परिवार के सदस्यों को भी बचाए रख सकती हैं।



**साफ-सफाई का रखें ध्यानः** स्वयं को और परिवार के सदस्यों को मच्छर के काटने से बचाने के लिए जरूरी है कि शरीर को ढंकने वाले पूरी बांह के अपर और लोअर ड्रेस पहनें, ताकि मच्छरों और दूसरे कीड़े-मकौड़ों के काटने से बचा जा सके। सुनिश्चित करें कि घर, गली के आस-पास भी गंदगी ना फैले। घर और वर्कप्लेस में इस्तेमाल होने वाले डस्टबिन को हमेशा ढंककर रखें। घर की छतों-यार्ड में पुराने टायरों, गमलों या ऐसे टूटे-फूटे सामानों को हटा दें, जिसमें पानी इकट्ठा हो सकता है। गार्डन के गमलों या मनी प्लांट जैसे पौधों के जार का पानी दो-तीन दिन में जरूर बदलें। कहीं भी पानी जमा ना हो क्योंकि जमे हुए पानी में ही मच्छर पनपते हैं।

**खान-पान में ना बरतें लापरवाहीः** वैसे तो खाना हमेशा ताजा ही खाना चाहिए, लेकिन बरसात के दिनों में ज्यादा एलर्ट रहने की जरूरत है। मानसून में फूड प्वॉइजनिंग होने के चांस बहुत ज्यादा होते हैं। इससे वॉमिट आना, डिहाइड्रेशन और डायरिया जैसी समस्या हो सकती हैं। इसलिए खाना बनाने से पहले सभी कच्ची सब्जियों और फलों को अच्छे से धो लें। जहां तक हो सके बाहर का खाना अवॉयड करें। अगर खाएं तो यह सुनिश्चित करें कि खाना ताजा हो। सूप, नूडल्स और पास्ता जैसी चीजें गर्म-गर्म ही खाएं। कच्चा सलाद या पहले से कटे फल ना खाएं। नॉनवेज यहां तक कि अंडा भी ना खाएं। इन दिनों नॉनवेज में बहुत जल्दी बैक्टीरिया पनपते हैं। इनसे पेट खराब हो सकता है। इस मौसम में ठंडे ड्रिंक्स के बजाय गर्म या हल्की गर्म ड्रिंक्स का सेवन करें। हर्बल टी, ग्रीन टी या कैमोमाइल टी भी पी सकती हैं।


प्रस्तुतिः ललिता गोयल

### बरतें ये भी सावधानियां

- बची हुई आइसक्रीम या मिल्क प्रोडक्ट्स को दोबारा फ्रिज में ना रखें। ऐसा करने से उसमें बैक्टीरिया पनपने की संभावना रहती है।
- इस मौसम में सभी तरह की सॉस, चटनी या केचअप का कम से कम सेवन करें। इन चीजों को नॉर्मल टेंप्रेचर में रखा जाता है, जिसके कारण इसमें अधिक बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।
- दूध से बनी मिठाइयां भी तब तक ना खाएं, जब तक उसको कंट्रोल्ड टेंप्रेचर यानी फ्रिज में ना रखा गया हो ।
- मसालेदार, ऑयली, जंक, स्ट्रीट और पैक्ड फूड्स के साथ शराब और धूम्रपान से दूरी बनाकर रखें।
- हमेशा खाना खाने से पहले, खाना खाने के बाद और वाशरूम का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथों को एंटी-बैक्टीरियल हैंडवाश या सोप से अच्छी तरह धोएं।
- अगर आपको लूज मोशन या अनडाइजेशन की समस्या हो रही है तो ओआरएस का घोल बनाकर पिएं। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को मेंटेन करने में मदद करेगा।
- बारिश के दिनों में बड़ों और बच्चों को स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स जैसे स्किन एलर्जी, रैशेज हो जाती हैं। इनसे बचने के लिए कोशिश करें बारिश में बॉडी को ड्राय रखें।

टिप्स

# ट्विजर से बनाएं परफेक्ट आईब्रो शेप



आपका चेहरा तब और खूबसूरत नजर आता है, जब आईब्रो की शेप परफेक्ट हो। अलग-अलग चेहरे पर अलग तरह की आईब्रो शेप अच्छी लगती हैं। लंबे चेहरे और गोल चेहरे पर बो (धनुषाकार) शेप, ओवल फेस पर ऊपर की ओर उठी हुई आईब्रो अच्छी लगती हैं। वैसे तो सैलून में जाकर थ्रेडिंग, वैक्सिंग के जरिए आईब्रो बनवाई जाती है। लेकिन घर पर ट्विजर प्लकर की मदद से भी आईब्रो को परफेक्ट शेप दी जा सकती है। इसके लिए कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है।

- घर में आईब्रो को खूबसूरत आकार देने के लिए पहले देखें कि वे शुरू कहां से हो रही हैं और इन्हें कहां तक बनाना है? एक सफेद आईलाइनर की मदद से जैसी आईब्रो आपको चाहिए, फेस पर उतनी मार्क कर लीजिए। इसके बाद आईब्रो के अनचाहे बालों को निकाल लें। आईब्रो की छंटाई के लिए सही और अच्छी क्वालिटी का ट्विजर प्लकर ही इस्तेमाल करें।
- आईब्रो बनाने के बाद अगर लगे कि इनके शेप में डिफरेंस है तो ट्विजर की मदद से मोटी आईब्रो को नीचे से शेप देने की बजाय आईब्रो को ऊपर की तरफ से शेप दें।
- अगर आईब्रोज बहुत हैवी हैं तो उन्हें सही शेप दें, उन्हें पतली ना बनाएं। अगर आईब्रो ज्यादा पतली बन गई हैं तो इन्हें और ज्यादा ना छेड़ें। इनकी दोबारा ग्रोथ होने का इंतजार करें।
- आईब्रो बनाने के बाद एस्ट्रिंजेंट लोशन या क्रीम जरूर लगाएं।

-सहेली फीचर्स

ब्यूटी




शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट



कई पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना, त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसका फेस पैक स्किन से जुड़ी कई प्रॉब्लम्स को दूर करने के साथ ही उसे निखारता भी है। यही नहीं, बालों को मजबूत और डेंड्रफ-फ्री बनाने में भी पुदीना बहुत यूजफुल है।

# निखरी त्वचा के लिए यूज करें पुदीना



पुदीने यानी मिंट की भीनी-भीनी खुशबू और स्वाद से हम सभी परिचित हैं। पुदीना लगभग हर भारतीय घर की रसोई में आसानी से मिलता है। यह ना केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि त्वचा को निखारने और बालों को कोमल-मुलायम बनाने में भी सहायक होता है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ-साथ स्किन को कूल रखने, कील-मुंहासों को दूर करने और चेहरे की सूजन कम करने में सहायक होता है। इसका इस्तेमाल फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में भी किया जाता है।

**पिंपल्स-टैनिंग करे दूर :** पिंपल और टैनिंग की प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मिंट फेस पैक को यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए बाउल में पुदीने की कुछ पत्तियों का रस निकालें। अब इसमें एक खीरे को छीलकर कद्दूकस कर लें। इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन के इर्द-गिर्द खुले अंगों पर आधे घंटे तक लगाकर रखें। इसके बाद ताजे पानी से धोएं। इसे लगाने से पिंपल्स और टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। पिंपल की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो पुदीने के रस में नारियल तेल मिलाकर लगाएं। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में पिंपल दूर हो जाएंगे। इसके निशान और दाग-धब्बे भी हल्के होने लगेंगे।



**ऑयली स्किन फेशियल :** मिंट फेशियल, ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद है। इसे बनाने के लिए बाउल में दो बड़े चम्मच ताजा पिसे पुदीने के साथ दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच ओटमील लेकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाए रखें, फिर हल्के हाथ से मसाज करते हुए ताजे पानी से चेहरा धो लें।

**स्किन ब्राइटनिंग :** पुदीने और गुलाब जल का पैक, स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाकर पैक बनाकर चेहरे पर लगाएं। कुछ देर लगाने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो लें। गुलाब जल स्किन के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। इसके अलावा केले और पुदीने के रस का फेस पैक भी स्किन ब्राइटनिंग के लिए अच्छा है। इसे बनाने के लिए एक पके हुए केले को मैश कर लें। अब इसमें पुदीने की कुछ पत्तियों का पेस्ट मिलाएं। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के आधे घंटे बाद चेहरे को ताजे ठंडे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से चेहरे पर एक निखार आएगा।

**बाल बनाए डेंड्रफ-फ्री :** अगर आपके बाल पतले हैं और उसमें रूसी यानी डेंड्रफ है तो इसके लिए भी पुदीना काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप अपने खाने में पुदीने की चटनी को नियमित रूप से शामिल करें। इसके साथ पुदीने का हेयर मास्क भी इफेक्टिव हो सकता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के 10-12 पत्ते पीस लें। अब इसमें पिसे चने की दाल और दही मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इस हेयर मास्क को बालों पर लगाने के आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से बालों की दोनों समस्या से आपको निजात मिलेगी।

पैरेंटिंग / रेखा शाह आरबी

आपका बच्चा पढ़ता तो खूब है, लेकिन उसे याद नहीं रहता। बच्चे को अपना पढ़ा याद रहे, इसके लिए आपको बच्चे में कुछ आदतें डालनी होंगी। इसके बाद आप देखेंगी कि बच्चे को पढ़ा हुआ याद रहने लगा है।

# क्या आपका बच्चा याद किया हुआ जल्दी भूल जाता है

बच्चों के स्कूल खुल चुके हैं, उनकी पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब अगर आपको इस बात की चिंता सता रही है कि आपका बच्चा पढ़ा हुआ बहुत जल्दी भूल जाता है तो नई क्लास में कैसे अच्छा परफॉर्म करेगा तो यह जान लें अधिकांश पैरेंट्स को यह शिकायत रहती है कि उनका बच्चा जो पढ़ता-लिखता है, भूल जाता है। कहने को तो बच्चे खूब मेहनत भी करते हैं, लेकिन बच्चों को भूलने की दिक्कत का सामना, स्कूल और घर दोनों जगह करना पड़ता है। इससे उनका रिजल्ट भी प्रभावित होता है। बच्चों की भूलने की आदत उनके करियर पर नेगेटिव असर डालती है। बच्चे मेहनत से एग्जाम की भरपूर तैयारी भी करते हैं, लेकिन एग्जाम के समय सब कुछ भूल जाते हैं, इससे बच्चों का कॉन्फिडेंस कम होता है। ऐसे बच्चों पर पैरेंट्स को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। उस पर गुस्सा करने के बजाय यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि आखिर इसके पीछे कारण क्या है? इस समस्या के निदान के लिए प्रयत्न करना चाहिए, जिससे बच्चा पढ़े गए लेसन को लंबे समय तक याद रखे। इसके लिए पैरेंट्स अगर कुछ छोटे-छोटे उपाय अपनाएंगे तो बच्चा अपना पढ़ा लेसन जल्दी नहीं भूलेगा। उसके नंबर एग्जाम में अच्छे आएंगे।

**लिखकर करे यादः** जो बच्चा अपना पढ़ा लेसन बार-बार भूल जाता है, ऐसे बच्चे को लिखकर याद करवाएं। स्वयं का लिखा हुआ बच्चा जल्दी भूल नहीं पाएगा। बच्चा जब पढ़ने के लिए बैठता है तो उसका मन भी इधर-उधर भटकता है, लेकिन लिखते समय वह पूरे ध्यान से लिखता है तो उसे अपना लेसन याद रहता है। लिखकर याद करते समय आप जरूरी प्वाइंट्स को बच्चे से अंडरलाइन भी करवा सकती हैं। इससे बच्चे का कंसंट्रेशन बढ़ेगा। उसे अपना पढ़ा हुआ याद रहेगा।



**नोट्स जरूर बनवाएंः** आजकल अनेक बच्चे मोबाइल पर भी पढ़ते हैं। ऐसे में बच्चे लिखते बहुत कम हैं। इससे बच्चे की मेमोरी कमजोर होती है, क्योंकि मोबाइल पर बच्चे को सिर्फ रीडिंग करना होता है, लिखना बहुत कम रहता है। ऐसे में उसे कोई लेसन पूरी तरह याद नहीं रहता, जबकि नोट्स बनाने पर आमतौर पर बच्चे को आधे से अधिक लेसन लिखते समय ही याद हो जाता है। इसलिए बच्चे को हर सब्जेक्ट के नोट्स बनाने की आदत जरूर बनाएं।



**ग्रुप स्टडीः** कई बार बच्चे को अकेले पढ़ना-लिखना ऊबाऊ लगता है। इसलिए बच्चे ग्रुप स्टडी करें। इससे बच्चा अन्य बच्चों से प्रभावित होकर स्वयं ही पढ़ाई की तरफ ध्यान देने लगेगा। वह अन्य बच्चों को पढ़ता देखकर पढ़ने के लिए प्रेरित होगा, अपने साथियों की तरह अच्छे अंक लाने की कोशिश करेगा।

**बीच-बीच में ब्रेक देंः** कुछ पैरेंट्स बच्चों को लगातार पढ़ने के लिए जोर देते हैं, जो सही नहीं है। थके शरीर और दिमाग के साथ बच्चे को कुछ भी याद नहीं होगा। इसलिए बहुत जरूरी है, पढ़ाई के समय बीच में उसे ब्रेक दें। उसे अन्य कामों को करने के लिए कहें, जैसे-कोई फिजिकल गेम या कोई अन्य फिजिकल एक्टिविटी करे। इससे बच्चे का दिमाग फ्रेश होगा, पढ़ाई पर अधिक फोकस करने से उसका परिणाम बेहतर होगा।

**रिवीजन करवाएंः** बच्चे ही नहीं बड़े भी एक बार पढ़कर याद नहीं रख पाते हैं। इसलिए अपने बच्चे को बार-बार रिवीजन कराती रहें। बच्चे को पढ़े हुए लेसन बार-बार दोहराने से उसे सारे लेसन याद रहेंगे फिर क्लास में उसके अच्छे नंबर आएंगे। उसका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता ने विद्यार्थियों के हाथों से लगवाए पौधे

**गोहाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम एक पौधा मां के नाम के तहत सोमवार को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पार्षद जगमेंद्र जौली ने गांव जौली में पौधारोपण किया। पौधे गांव स्थित राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के हाथों से लगवाए गए। पौधारोपण में गांव के लोगों ने भी अपन सहयोग दिया और पौधों को संभालने की जिम्मेदारी ली।

### वृहद शिक्षण विषय पर कार्यशाला आयोजित

**गोहाना।** बीपीएस महिला विवि के शिक्षा विभाग में टीचिंग प्रैक्टिस, इंटर्नशिप एंड रिसर्च सेल द्वारा आयोजित शैक्षणिक उत्कृष्टता सूक्ष्म और वृहद शिक्षण विषय पर आयोजित कार्यशाला संपन्न हो गई। समापन सत्र में डॉ. अनिशा एवं निधि ने छात्राओं को प्रभावी संप्रेषण के बारे में वस्तित जानकारी दी। अनुभवों को साझा करते बताया कि कक्षा-कक्ष में प्रयुक्त होने वाले शिक्षण कौशलों के आरंभ व समापन के बारे में सीखा।

### बदलाव के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरीः मोना

**गोहाना।** बरोदा हलका में बदलाव के लिए राजनीति में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। जब महिलाएं आगे आएंगी तभी बरोदा हलके की राजनीति में बदलाव होगा। यह बात आम आदमी पार्टी (आप) यूथ विंग की प्रदेश सिचव मोना सिवाच ने कही। वे सोमवार को पार्टी नेता संदीप मलिक के साथ गांव बनवासा मे आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं से रूबरू हो रही थीं।

### शिविर में 70 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट द्वारा सोमवार को शहर में सोनीपत मोड स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित साप्ताहिक शिविर में 3 महिलाओं समेत 70 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में पांच युवाओं ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि समाजसेवी सोमनाथ तनेजा रहे। अध्यक्षता उषा गगनेजा ने की और संयोजन रक्तदान व नेत्रदान को समर्पित गोहाना की प्रसद्धि समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक एवं स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा।

### कंप्यूटर सेंटर के लिए 5 करोड़ स्वीकृत किए

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम वज्ञिान एवं प्रौद्योगिकी विवि, मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि हरियाणा शासन द्वारा एक वृहद्ध नवीन तकनीक युक्त अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण विवि के कंप्यूटर सेंटर का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। प्रदेश सरकार ने इस प्रोजेक्ट हेतु विश्विविद्यालय को पांच करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है।

### जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाया

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा अपने जरूरत मंद कन्या विवाह प्रकल्प के तहत सोमवार को सुबह 11 बजे अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी सोनीपत में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाया गया। सेफ इंडिया के चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद कन्याओं की शादी करवाई जाती है।

### दर्जनभर कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में शामिल

**गोहाना।** सोमवार को गोहाना शहर से दर्जनभर कार्यकर्ता दूसरी अलग-अलग राजनीतिक पार्टियां छोडक़र कांग्रेस में शामिल हो गए। गोहाना हलका के कांग्रेस विधायक जगबीर सिंह मलिक ने कार्यकर्ताओं को पार्टी में शामिल करवाया। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में लोगों का वश्विास काफी बढ़ा है। कांग्रेस पार्टी की नीतियों से प्रेरित होकर दूसरे राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

### अभिभावक-अध्यापक मीटिंग का आयोजन

**खरखौदा।** प्रताप सिंह मैमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में अभिभावक-अध्यापक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्या दया दहिया ने बताया कि बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए अभिभावकों व अध्यापकों के विचारों का आदान-प्रदान होना आवश्यक है।

---

एचएसवीपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

# धरना देकर फूंका चीफ विजिलेंस ऑफिसर का पुतला, नारेबाजी की

## भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर मुर्दाबाद के नारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हूडा जनस्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर के नेतृत्व में एचएसवीपी काम्पलेक्स सेक्टर 15 पर दोपहर को धरना दिया गया। इस दौरान एचएसवीपी के चीफ विजिलेंस ऑफिसर का पुतला दहन करते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर मुर्दाबाद के नारे लगाए। धरने का संचालन जिला मंच की प्रधान मीना सैनी ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने बताया कि एचएसवीपी के मुख्य जांच अधिकारी के समक्ष कई बार न्याय की गुहार लगाई जा चुकी है। परंतु यह अधिकारी आरोपितों से मिली भगत करके उनको बचाते आ रहे हैं। इस मौके पर एचकेआरएनएल यूनियन के राज्य प्रधान एवं हुड्डा यूनियन के राज्य कोषाध्यक्ष महावीर नागर, विजेंद्र कुमार शर्मा, टीनू मदान, सुरेश रोहल्लिा, विजेंद्र रिवाल, ध्रुव कुमार, समेश कुमार, रमेश कुमार, मीना सैनी, संतोष, सीमा, बबीता, अश्वनी, समे सिंग, विनोद, योगेश नागर आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते यूनियन के पदाधिकारी एवं अन्य । फोटो :हरिभूमि

## आज व कल काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स

**सोनीपत।** हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन, हरियाणा (हिपवा) संबंधित बीएमएस के आह्वान पर प्रदेश के विभन्नि जिला के अनेक विभागों, निगम व बोर्ड में कार्यरत सभी हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल अपनी नियमितिकरण की पॉलिसी न बनाने सहित अन्य मांगे पूरी न होने के फलस्वरूप विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा संबंधित जिला की विधानसभा के विधायकों को अपना मांग पत्र सौपेंगे। हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन, हरियाणा (हिपवा) के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ढांडा की अध्यक्षता में विभन्नि जिलों की कार्यकारिणी व सदस्यों की ऑनलाइन माध्यम से आयोजित हुई एक बैठक में यह नर्णिय लिया गया। बैठक में प्रदेश स्तरीय कमेटी के सदस्यों सहित विभन्नि जिलों के जिला प्रधान व अन्य जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लेकर आगामी रणनीति पर विचार किया और अपने-अपने सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि 16 व 17 जुलाई को हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल प्रदेश के विभन्नि जिलों में काली पट्टी लगाकर अपने-अपने कार्यालयों में कार्य करते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा 18 जुलाई को सभी हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स सामूहिक अवकाश पर रहेंगे और संबंधित जिलों की विधानसभा क्षेत्र के विधायकों को अपना मांग पत्र सौपेंगे। कहा कि 21 जुलाई (रविवार) को प्रदेश के विभन्नि जिलों से हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल पंचकूला में इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# १५ को पेंशन आक्रोश मार्च : पीबीएसएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




सोनीपत। रैली का न्योता देने के लिए पहुंचें समिति के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

पेंशन बहाली संघर्ष समिति सोनीपत द्वारा सोमवार को विभन्नि स्थानों का दौरा करके सोनीपत में 25 को प्रस्तावित पेंशन आक्रोश मार्च के लिए के लिए कर्मियों को आमंत्रित किया। प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान व प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान के साथ जिला सचिव राहुल उपस्थित रहे। जिला सिंचाई विभाग में कर्मचारी को संबोधित करते उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की बहाली चाहिए, परंतु हरियाणा सरकार कर्मचारियों के संघर्षों व मांग को नजरंदाज कर रही है। इस समय पुरानी पेंशन कर्मचारियों का सबसे बड़ा मुद्दा है जिसके लिए कर्मचारी संघर्ष कर रहे हैं। पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा द्वारा की सालों से पुरानी पेंशन की बहाली की मांग के लिए संघर्षरत है सरकार को ज्ञापन, धरने, प्रदर्शन किए गए। पिछले वर्ष मुख्यमंत्री आवास घेराव पर सरकार ने कर्मचारियों पर लाठीचार्ज,पानी की बोछार व आंसु गैस के गोले तक दागें गए जिसमें कर्मचारी भी घायल हुए। उसके बाद पूर्व सीएम ने पेंशन बहाली संघर्ष समिति के साथ बैठक कर पेंशन के लिए कमेटी का गठन भी किया परंतु एक बैठक के बाद कमेटी ने बैठक नहीं की जिसका कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है।



शिविर का शुभारम्भ करते डा. जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. बलविंदर सिंह।

### निःशुल्क जांच शिविर में 82 मरीजों ने करवाई जांच

**गन्नौर।** राजलू गढ़ी के आयुष्मान आरोग्य केन्द्र में आयुष विभाग के महानिदेशक आयुष डा. अंशज सिंह आई.ए.एस. के निर्देशनुसार सोमवार को जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. बलविंदर सिंह के मार्गदर्शन में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। 15 जुलाई से 14 सिंतबर तक लगने वाले शिवर की शुरूआत गांव के सरपंच बिजेन्द्र राठी ने की। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. बलवद्रिं सिंह ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आयुर्वेदिक,होम्योपैथिक,यूनानी पैथी से मरीजो का ईलाज किया गया व निशुल्क औषधियाँ वितरित की गई। मरीजों को मौसम के मुताबिक खान-पान के प्रति जागरूक व योग सहायकों द्वारा बीमारियों से संबंधित सूक्ष्म क्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में 82 मरीजो का उपचार किया गया। शिविर में यूएमओ डा.गुलाम नासिर डा. तेजेन्द्र खोखर एचएमओ, डा. भाग्य लक्ष्मी डीपीएम, सीमा रानी आयुर्वेदिक फार्मासस्टि, आदर्श कुमार होम्योपैथिक फार्मासस्टि एवं आयुष योग सहायकों में अनिल, धीरज, मिनाक्षी आशा वर्कर्स ने अपनी सेवाएं दी।

### विधायक ने गोशाला को दान की 1.11 लाख रुपये की राशि

**खरखौदा।** विधायक जयवीर वाल्मीकि सोमवार को धर्मार्थ गोशाला सिसाना पहुंचे और 1 लाख 11 हजार रुपये की राशि दान की। इस अवसर पर धर्मार्थ गौशाला सिसाना के प्रधान रणदीप दहिया सहित अनेक गोभक्त उपस्थित रहे। गोशाला प्रधान रणदीप दहिया ने विधायक जयवीर की दान वृत्ति की प्रशंसा की और उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भवष्यि कि कामना की। उन्होंने बताया कि विधायक जयवीर वाल्मीकि समय-समय पर गोशाला सिसाना में दिल खोलकर दान देते रहे हैं। विधायक जयवीर वाल्मीकि ने गोभक्तों को विश्वास दिलाया कि प्रदेश में कांग्रेस कि सरकार बनते ही वह गोशाला सिसाना को हर संभव मदद दिलाएंगे। मालूम हो कि गोशाला सिसाना प्रदेश की बड़ी गोशालाओं में से एक है, जिसमें क्षेत्रवासियों की अटूट आस्था है।

### ग्लोबल स्कूल में लोक नृत्य कार्यशाला प्रारंभ

**गोहाना।** गोहाना-खानपुर कलां मार्ग स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में सोमवार को 15 दिन की हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला प्रारंभ हो गई। राष्ट्रीय स्तर की इस कार्यशाला को पटियाला में स्थित उत्तर क्षेत्र संस्कृति केंद्र ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया है। संयोजन मनोज जाले कर रहे हैं। स्कूल के प्रबंध निदेशक पंकज जाले ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मुख्य उद्देश्य प्राचीन हरियाणवी लोक परंपराओं और नृत्यों को जीवित रखना तथा लोगों को जागरूक करते हुए बताना है कि यह नृत्य कला हमारी हरियाणवी संस्कृति और विरासत का अनमोल इतिहास है। इसके प्रति बच्चों में हरियाणवी लोक नृत्य के प्रति रुचि पैदा करके, इस सांस्कृतिक संपत्ति का संरक्षण करना है ताकि यह अनमोल विरासत आगे भी बनी रहे तथा बच्चों के कलात्मक प्रदर्शन में भी सुधार हो सके। परिचयात्मक भाषण में मनोज जाले ने समृद्ध भारतीय व हरियाणवी संस्कृति के मूल्यों को समझाया।



अतिथियों को स्मृति चहिन भेंट करते एमडी पंकज जाले।




सोनीपत। कार्यशाला शामिल प्रतिभागी, वक्तागण के साथ कॉलेज प्राचार्य।

### डिजिटल मार्किटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**सोनीपत।** एमएसएमई मंत्रालय के संयोजन में जीवीएम गर्ल्स कालेज में 15 जुलाई से 19 जुलाई तक डिजिटल मार्किटिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ सोमवार को संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। प्रषक्षिण कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक राकेश जुनेजा ने कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर वस्तिार से कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंनें बताया कि कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विभिन्न कोर्स की जानकारी दी जायेगी । इनमें ग्राफिक डिजायनिंग एंड वीडियो एडिटिंग, डिजिटल कंज्यूमर बिहेवियर, कटंट राइटिंग एंड ब्लॉगिंग, सर्च इंजिन औप्टिमाइजेषन (एसईओ) और टूल्स एंड टैक्नक्सि शामिल रहेगें । प्रशक्षिण उपरांत मंत्रालय की ओर से छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए जाएगें। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल मार्किटिंग से आय अर्जित कर रही पूर्व छात्राएं वंषिका व नैन्सी भी छात्राओं के साथ अपने अनुभव सांझा करेगी। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए एमएसएमई करनाल के सहायक निदेषक सतपाल ने प्रशक्षिण कार्यक्रम के महत्व से अवगत करवाया।

### वेशभूषा प्रतियोगिता में आकर्षक सजे विद्यार्थी

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर की शिशुवाटिका में प्रान्तशः छद्म वेशभूषा प्रतियोगिता हुई जिसमें 208 वद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, कश्मीर और बंगाल की वेशभूषा में अपनी मोहक प्रस्तुतियां दीं। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारत के विभिन्न राज्यों की वेशभूषा से परिचित करवाना था। जब बच्चों ने स्वयं उस वेश को पहना तो उन्हें इस बात की जानकारी मिली कि किस प्रांत में किस प्रकार का वेश पहना जाता है । मंच संचालन का दायित्व संयोगिता, सुषमा और राजबाला ने बखूबी निभाया । प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संयोजन सुनीता वर्मा ने किया। विशेष सहयोग उषा विरमानी, राजबाला, पूजा सैनी, प्रवेश, मीनाक्षी, मंजू, शीला, संयोगिता, मोनिका कौशिक, सुषमा, रीना, अंजलि, मोनिका लकड़ा, हेमलता और रेखा का रहा।



प्रतियोगिता में वेशभूषाओं में सजे प्रतिभागी अपने गुरुजनों के साथ।



कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते संस्थान के प्राचार्य एवं अन्य।

### युवा कौशल दिवस पर युवाओं को किया जागरूक

**सोनीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशक्षिण संस्थान सोनीपत में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा सोमवार को अंतरराष्ट्रीय युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को कौशल विकास के महत्व से अवगत कराना और भविष्य के रोजगार के अवसर के लिए तैयार करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य वक्रिम सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में युवा पीढ़ी को प्रेरित करते हुए कहा कि कौशल विकास ने केवल व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि राष्ट्रीय विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी, जो युवा कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता और लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में तुषार शर्मा प्रथम, कुमकुम द्वितीय व शिवानी तृतीय रही। वहीं लेखन प्रतियोगिता में तमन्ना प्रथम, कुमकुम द्वितीय रही। प्रधानाचार्य ने पुरस्कार वितरित करके बच्चों को सम्मानित किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया।

## हिंदुत्व की रक्षा के लिए भारत को हिंदू राष्ट्र बनाया जाए : गौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



भारत को हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर साध्वी कवि सिंह के नेतृत्व मे हरद्विार से रामेश्वरम के लिए निकली पदयात्रा सोमवार को गोहाना पहुंची। गोहाना पहुंचने पर भाजपा वरष्ठि नेता पं. परशुराम गौड़ ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। उन्होंने हिंदुत्व की रक्षा के लिए भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग का पुरजोर समर्थन किया। पं. परशुराम गौड ने कहा कि सनातन वश्वि की सबसे प्राचीन संस्कृति है। हम अपनी संस्कृति के सम्मान से ही अपने देश को बचा सकते हैं। यात्रा का मुख्य उद्देश्य हन्दित्व की रक्षा कर भारत देश को हन्दिू राष्ट्र का दर्जा दिलवाना है। इसके लिए हर घर व हर गांव में जाकर हन्दित्व का प्रचार करेंगे व बच्चों को गुरुकुल मे सनातन शक्षिा व युवा वर्ग को नशे से दूर होकर हन्दित्व के प्रचार मे बढ़ चढक़र सहयोग की अपील करेंगे। परशुराम गौड़ बोले कि यही सही समय है जब भारत को हन्दिू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहि, ताकि सनातन ओर हन्दित्व से भारत मे एक नए युग का नर्मिाण हो सके।

## गुप्ति सागर महराज का लिया आशीर्वाद

### 21 जुलाई को होगा चातुर्मास के उपलक्ष्य में कार्यक्रम



गन्नौर। राष्ट्र संत गुप्ति सागर महाराज का स्वागत करते समाजसेवी अमित जैन व श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

राष्ट्र संत गुप्ति सागर महाराज का चातुर्मास गन्नौर गुप्ति धाम में मनाया जाएगा। गुप्ति सागर महाराज सोमवार की शाम को गुप्ति धाम पहुंचे। गन्नौर गुप्ति धाम पहुंचने पर समाजसेवी अमित जैन के अलावा काफी संख्या में मौजूद लोगों ने महाराज गुप्ति सागर महाराज का आरती उतारकर स्वागत किया। समाजसेवी अमित जैन ने कहा संतो के सान्नध्यि में जाकर ही त्रिताप से बचा जा सकता हैं।

देहिक, दैविक व भौतिक ताप से छुटकारा पानी के लिये नत्यि सत्संग व भजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के लोगों का सौभाग्य है कि हमें राष्ट्र संत गुप्ति सागर जी महाराज का सानध्यि मिल रहा है। गुप्ति सागर महाराज के प्रवचनों की अमृत वर्षा से ही त्रिताप से बचने का एक मात्र उपाय हैं। मनुष्य को सुखी जीवन के लिए संतों के शरण में जाकर ही कल्याण संभव है। मनुष्य जीवन प्राप्त करने के लिये कई योनि में भटकने के बाद यह शरीर प्राप्त होता है। यह शरीर अनमोल है। बड़ी तपस्या के बाद यह शरीर मिलता है। अमित जैन ने कहा कि चातुर्मास कार्यक्रम के उपलक्ष्य में 21 जुलाई को गुप्ति सागर धाम में दोपहर को विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

मार्केट न्यूज

### जापान से आई वर्ल्ड क्लास मशीनों से होगा सीटी स्कैन व एमआरआई



सोनीपत। क्यूब डायग्नोस्टिक सेंटर के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए।

**सोनीपत।** सोनीपत के विवेकानंद चौक के पास स्थित ट्यूलिप हास्पिटल के नजदीक क्यूब डाईग्नोज सेंटर की रविवार को ओपनिंग हुई। जिसके डायरेक्टर डा. अनुराग अरोड़ा व सीए अभिषेक जुनेजा की टीम ने हवन यज्ञ के साथ सेंटर की शुरूआत की। इस सेंटर में जापान से हाईटेक तकनीक वाली आधुनिक वर्ल्ड क्लास सीटी स्कैन एमआरआई मशीन मंगाकर सेंटर स्थापित किया गया है। जिनमें एक्स-रे, एमआरआई, मैमोग्राफी, 3डी 4डी अल्ट्रासांउड कलर डोपर सहित विभिन्न प्रकार से टैस्ट अब सोनीपत में ही होंगे। इस अवसर पर डा. अनुराग अरोड़ा ने बताया कि आधुनिक मशीनों से जो टैस्ट की रिपोर्ट आती हैं उनकी रिपोर्ट स्टीक होती है, जिससे मरीजों के ईलाज में और ज्यादा सहायता मिलेगी। मरीजों की बीमारी को अच्छे से डाइग्नोज किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि क्यूब डाइग्नोज सेंटर में सरकार के मानकों के मुताबिक सभी जांच होंगी और रिहायती दरों पर टैस्ट किए जाएंगे।

## स्कूल में और सुविधाएं दिलाने का आश्वासन

- भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने स्कूल में व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



निगम पार्षद व भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई ने अपने वार्ड के प्राईमरी स्कूल में पहुंचकर मीड डे मील से संबधित व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। पुनीत राई ने मिड-डे मील में खाद्यान्न की स्थिति, वितरण, राशन स्टोर कक्ष आदि की जांच कर बेहतर साफ सफाई रखने के लिए मागदर्शन किया। निरीक्षण के साथ निगम पार्षद ने स्कूल की मुख्याध्यापिका को नियमित पोषाहार की जांच करने के लिए सुझाव दिया। पुनीत राई ने कहा कि उनके गांव के स्कूल में छात्रों की सुविधा के लिए किसी व्यवस्था व सुविधा की कमी है तो उनके संज्ञान में लाए। वे प्रदेश सरकार व शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर स्कूल में पूरी सुविधा दिलाएंगे। स्कूल की मुख्याध्यापिका कृष्णा देवी ने कहा कि उनका भी प्रयास है कि गांव के छात्रों को स्कूल में बेहतर शक्षि मिले और मीड डे मील भी साफ सुथरी व्यवस्था व नियम के मुताबिक छात्रों को उपल्बध करवाया जाए। निगम पार्षद एवं भाजपा उपाध्यक्ष पुनीत राई ने इसके बाद गांव के गंदे पानी की निकासी के लिए बरसात के दृष्टिगत नालों की सफाई का जेसीबी से काम शुरू करवाया। इस मौके पर राकेश कौशिक, राकेश त्यागी, प्रवेश शर्मा, अनिल त्यागी, नरेश पांचाल आदि उनके साथ थे।

## 163 शिकायतें मिली, पांच का समाधान

- अब तक समाधान शिविर में 2980 शिकायतें मिली, 1546 का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



लघु सचिवालय में सोमवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में 163 नागरिक शिकायत लेकर पहुंचे, जिनमें से उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने 5 शिकायतों का मौके पर समाधान किया और शेष 158 शिकायतों के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को नर्दिेश दिए कि वे जल्द इन समस्याओं का समाधान कर लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर के प्रति नागरिकों का रुझान काफी बढ़ रहा है। हर रोज नागरिक शिकायतें लेकर समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं। उपायुक्त ने नागरिकों से आह्वान किया कि समाधान शिविर में नागरिक अपनी शिकायतें लेकर आएं, प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक 2980 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 1546 शिकायतों का समाधान हो चुका है। शेष 1434 शिकायतों का जल्द समाधान कर दिया जाएगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सान्दल कलाँ व ग्राम पंचायत ककरोई में 1-1 ग्रामीण सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है जिसके लिए दिनांक 18-07-2024 से 22-07-2024 तक खण्ड कार्यालय सोनीपत में आवेदन पत्र प्राप्त किऐ जाएंगे। सफाई कर्मचारी की नियुक्ति हेतु दिनांक 23-07-2024 को प्रातः 11:30 बजे साक्षात्कार लिया जाएगा।

हस्ता/-
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सोनीपत।

खबर संक्षेप

## सड़क दुर्घटना में चालक की मौत, मामला दर्ज

**गन्नौर।** जीटी रोड बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के गेट के सामने सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी शिकायत में राजीव यादव ,जिला बाका, बिहार ने बताया कि मेरा छोटा भाई बाजो यादव काम की तलाश मे रविवार की शाम को मेरे घर से बड़ी आ गया था।

## पौधरोपण अभियान के तहत लगाए 20 पौधे

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा सेक्टर 12 में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार 20 पौधे लगाए और सभी से निवेदन किया की अभी बारिश के मौसम में सभी अधिक से अधिक पौधे लगाए। जब तक वह पेड़ नही बनते उनकी देखभाल करे ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके।

## राजीव तनेजा को बनाया नया प्रधान

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत मिडटाउन की तरफ़ से रोटरी के नये सत्र के लिये राजीव तनेज़ा को प्रधान नियुक्त किया गया। मुरथल स्थित एक होटल में क्लब इंस्टालेशन का समारोह क्लब की तरफ़ से किया गया। जिसमें पूर्व प्रधान रवन्द्रि भारद्वाज ने विधिवत रूप से कॉलर पहना कर नये प्रधान को शुभकामनाएं दी।

## चंद्रयान के मॉडल पेश कर छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में वज्ञिान, गणित, कंप्यूटर व सामाजिक विषयों पर आधारित एक दिवसीय मॉडल प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने इन विषयों पर आकर्षक व ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व चंद्रयान के मॉडलों ने विशेष रूप से सभी को प्रभावित किया।

### मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए सरकार से उठाई पूरी करने की मांग

# जिला पार्षद ने गेट पर झोटा बांध कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अपनी मांगों को लेकर जिला पार्षदों ने सोमवार को जिला परिषद कार्यालय के बाहर अनोखा प्रदर्शन किया। जिला पार्षदों ने मौके पर झोटा लाकर खड़ा कर दिया और गेट के सामने बांध दिया। इसके बाद जिला पार्षदों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से उनकी मांगों को पूरा करने की आवाज उठाई।

जिला पार्षद संजय बड़वासनिया, संत कुमार, कल्पना, मोनू बागड़ु, कुलदीप, सतीश कुमार, नरेंद्र, वक्रिांत, यशपाल आदि ने प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान संजय बड़वासनिया ने कहा कि जिला परिषद का सदस्य बनने के लिये तकरीबन 50 हजार मतदाताओं के बीच चुनाव लड़ना पड़ता है। कई गांव एक जिला पार्षद के क्षेत्र में आते हैं। गांवों में विकास कार्यों को लेकर जिला पार्षदों को हमेशा ही ग्रांट से वंचित रखा गया है। जिला पार्षदों को किसी तरह की शक्ति नहीं दी गई है, जिसके कारण जिला पार्षदा अपने क्षेत्र में विकास कार्य नहीं करवा पा रहे। उन्होंने जिला पार्षदों को 50 लाख तक के कार्य करने की शक्ति देने, जिला प्लान कमेटी का गठन करने, जिला पार्षदों का टोल फ्री किया जाए की मांग उठाई गई। जिला पार्षदा संत कुमार ने बताया कि एक निगम पार्षद अपने वार्ड में करोड़ों रुपये खर्च कर चुके हैं, जबकि निगम पार्षद बनने के लिये सिर्फ 10-12 हजार वोटों से चुनाव होता है। वहीं जिला पार्षद 50 हजार से अधिक मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करता है, इसके बावजूद उनके क्षेत्र में 30-35 लाख रुपये ही खर्च कर पाया है।



**सोनीपत।** जिला परिषद कार्यालय में झोटे को लेकर प्रदर्शन करते हुए जिला पार्षद।



# व्यवहार संशोधन पर विशेष कार्यशाला में शक्षिकों, अभिभावकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

रेणु विद्या मंदिर, बहालगढ़ में सुशीला गुप्ता ओडिटोरियम में एक दिवसीय व्यवहार संशोधन पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य अभिभावकों, शिक्षकों और प्रशिक्षुओं को व्यवहार संशोधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जागरूक करना था। संस्थान के संस्थापक एवं चैयरमैन नानक चंद गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार कुल्हाड़े, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रत्नेश सिंह, डा. ओझा एवं नव चेतना दिव्यांग स्कूल के प्रधानाचार्य राणा ने दीप प्रज्जलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. केएन ओझा, बीएल राणा नव चेतना स्पेशल स्कूल, दल्लिी के प्रधानाचार्य, डॉ. केएन ओझा द्वारा व्यवहार संशोधन पर विस्तृत सत्र व बीएल राणा द्वारा शिक्षण और प्रशिक्षण की आधुनिक विधियों पर चर्चा प्रश्नोत्तर सत्र और खुला संवाद किया गया। सभी अभिभावकों, शिक्षिकों और प्रशिक्षुओं ने इस कार्यशाला में शामिल होकर व्यवहार संशोधन के विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझा।



**राई।** कार्यक्रम के दौरान मंच पर पहुंचे संस्थान चेयरमैन नानक चंद गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर डा. रत्नेश सिंह व अन्य।

## सोहटी में प्लाट के झगड़े में एक घायल

**खरखौदा।** सोहटी गांव में दो पक्षों में हुए झगड़े में एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। घायल चांद का कहना है कि उसने गांव में एक प्लाट लिया हुआ है। जबकि दूसरी तरफ मनोज व उसके परिवार वालों के प्लाट है। प्लाट को लेकर उनके साथ विवाद चलता आ रहा है। जब वह अपने प्लाट से खेत की तरफ जा रहा था, तभी मनोज, रामनिवास व दो महिलाओं ने उसका रास्ता रोक लिया। उन्होंने लकड़ी के बिट्टों, नुकीली वस्तु मारकर उसे घायल कर दिया। घायल अवस्था में उसके परिजन सिविल अस्पताल सोनीपत ले गए।

## मंत्री ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं

**सोनीपत।** भाजपा कार्यालय सोनीपत में मंत्री महिपाल ढांडा, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली एवं जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा ने सम्मानित कार्यकर्ता संवाद में कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना। अधिकतर कार्यकर्ताओं की समस्याओं को मौके पर ही अफसरों को फोन करके उनका निवारण किया गया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को यह भरोसा दिलाया कि उनके क्षेत्र की जो भी सामाजिक समस्याएं हैं उनको तुरंत प्रभाव से अधिकारियों को बोलकर हल कराया जाएगा। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, पहलवान योगेश्वर दत्त, जिला परिषद चैयरपरसन मोनिका दहिया, ब्लॉक समिति चैयरमेन राई प्रदीप खत्री, खरखौदा ब्लॉक समिति चैयरमेन सते रोहट, पूर्व जिला परिषद चेयरपर्सन मीना नरवाल, आजाद सिंह नेहरा, रविंद्र दिलावर, बबीता दहिया, जिला महामंत्री निशांत छौक्कर, नवीन मंगला, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रविंद्र मलिक, जिला मीडिया प्रभारी नीरज अत्रे, सोनीपत नगर निगम मेयर निखिल मदान, पवन खरखौदा, डॉ. राकेश कुमारी आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद मंत्री, प्रदेशाध्यक्ष एवं अन्य।

# सड़क के गड्ढे भरे ,लोगों को मिली राहत

■ देवा सोसायटी के संस्थापक देवेंद्र कादियान ने निजी कोष से करवाया कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रेलवे रोड पर बारिश के कारण सड़क क्षतग्रिस्त हो गई। लघु सचिवालय के समीप सड़क पर गहरे गड्ढे होने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने निजी कोष से सड़क के गड्ढों को भरवाने के साथ अच्छे से मरम्मत कराई। उनके इस प्रयास से राहगीरों को काफी राहत मिली है। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि जीटी रोड से शहर को जोड़ने वाले रेलवे रोड पर पेट्रोल पंप के समीप कई दिनों से जलभराव होने से सड़क पर गहरे गड्ढे हो गए थे। इन गड्ढों के कारण लोगों को खासी दिक्कतें आ रही थी। क्योंकि पानी भरा होने पर गड्ढे दिखाई नहीं देते, ऐसे में दुपहिया व ई-रिक्शा चालकों के साथ अनहोनी घटना होने का खतरा बना हुआ था। सोमवार को देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी ने सड़क के गड्ढों को भरवा दिया है। इससे राहगीरों को काफी सहुलियत मिलेगी। जल्द ही पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्चाधिकारियों से बात कर सड़क निर्माण कराया जाएगा। बता दें कि इस सड़क से शहर के साथ दर्जनों गांव का जुड़ाव होता है। इसके अलावा खानपुर मेडिकल कॉलेज, सोनीपत व रोहतक की तरफ जाने वाले लोग इस रास्ते से गुजरते है।



**गन्नौर।** समाजसेवी देवेन्द्र कादियान सड़क के गड्ढों को भरवाने के साथ मरम्मत करवाने का कार्य करवाते हुए।

## दो युवकों ने बाइक छीनी और विरोध करने पर किसान की डंडों से की पिटाई

**गन्नौर।** कैलाना से रहमाणा सड़क मार्ग पर 14 जुलाई की रात को करीब 9 बजे बाइक सवार दो युवकों ने खेत में आए युवक की डंडों से पिटाई के बाद बाइक छीनकर भाग गए। युवक ने बाइक छीनने व मारपीट की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत कैलाना गांव के साहब सिंह ने बताया कि 9 जुलाई की रात 9 बजे कैलाना से रहमाना रोड़ पर अपने खेत में पानी लगाने आया हुआ था। बाइक को अपने खेत के पास सड़क पर खड़ी कर दी। शिकायत में आरोप है कि कैलाना की तरफ से एक बाइक पर दो लड़के आए और जबरदस्ती मेरे से चाबी छिनने लगे मैंने विरोध किया तो पीछे बैठे लड़के ने मेरे सिर में डंडा मारा और जबरदस्ती मेरी मोटरसाइकिल को छीन कर भाग गए। उसके बाद मैंने डायल 112 पर फोन किया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्जकर युवकों की तलाश शुरू कर दी।

# अधिकारी जनसमस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली ने सोमवार को अपने कार्यालय में जनसंवाद करते हुए लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी समस्याओं का तुरंत समाधान करवाना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को समस्याओं से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी आम जन से जुड़ी समस्याओं के निवारण में किसी तरह की ढ़िलाई नहीं बरतें। अधिकारी एवं कर्मचारी लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें तथा आम जन की समस्याओं के निवारण हेतू काम करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी लोगों की समस्याओं को अपनी समस्या समझकर उनका तुरंत समाधान करें। समाधान करने में अगर किसी प्रकार की टैक्निकल समस्या आ रही है तो तुरंत उसको अपने उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाएं ताकि समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि लोगों की मूलभूत सुविधाओं को पूरा किया जाए। इस दौरान लोगों ने प्रदेशाध्यक्ष के समक्ष बिजली, पीने के पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सीवरेज, जल निकासी आदि से संबंधित समस्याएं रखी, जिनके निवारण करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।



मोहनलाल बड़ौली

## कॉलेज में पहले दिन छात्राओं का हुआ भव्य स्वागत



**गन्नौर।** कालेज के नए सत्र शुभारंभ पर प्राचार्य डा. मनोज छात्राओं का स्वागत करते।

**गन्नौर।** सी.सी.ए.एस.जैन गर्ल्ज पीजी कालेज गन्नौर का नया शैक्षणिक सत्र के मौके पर कालेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कॉलेज की सभी छात्राओं का तिलक लगा कर स्वागत किया। वरिष्ठ छात्राओं व प्राध्यापिकाओं ने स्वागत कार्यक्रम में भाग लिया। कॉलेज के सभागार में कॉलेज के प्रधान आनन्द जैन, डायरेक्टर भूषण भाटिया व अरंजय जैन ने दीप जलाकर कार्यक्रमका शुभ आरम्भ किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जो छात्रायें कॉलेज में पहले दिन आती हैं उनके लिये यह बहुत खास दिन होता है। कॉलेज में प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग कराई जाएगी।

## पेड़ लगाएं, प्रकृति का सम्मान करें



**गोहाना।** पौधरोपण करते हुए एसडीएम विवेक आर्य, उनके साथ हैं इंद्रजीत विरमानी व अन्य गणमान्य व्यक्ति।

**गोहाना।** एसडीएम आईएएस विवेक आर्य ने कहा कि पेड़ प्रकृति का आभूषण हैं। अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और प्रकृति का सम्मान करें। वे सोमवार को शहर में रोहतक रोड पर अंबेडकर चौक के समीप स्थित ट्रक यूनियन कार्यालय के प्रांगण में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत बतौर मुख्यातिथि पौधारोपण कर रहे थे। आईएएस विवेक आर्य ने कहा कि प्रकृति हम सब की पालक है। प्रकृति ने हर जीव को वह हर चीज दी है जिसकी उसे जरूरत है। इसलिए प्रकृति प्रदत चीजों का दुरुपयोग न करें। वे बोले कि पेड़ प्रकृति का आभूषण हैं। इसलिए प्रकृति के सम्मान में पेड़ लगाएं और उनकी नियमित देखभाल की जम्मिवारी भी लें। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर पेड़ों से ही जीवन है। पृथ्वी पर पेड़ जितने अधिक होंगे जीवन उतना ही सुगम होगा।

# चयनित कप्तान और उप कप्तान ने संभाला कार्यभार




**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थिगण।

**सोनीपत।** ऋषिकुल वद्यिापीठ सोनीपत में सैश-सेरेमनी समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वद्यिालय के सीनियर तथा सीनियर सेकेंडरी शाखा के विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वद्यिालय के चेयरमैन एसके शर्मा शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया गया। विद्यालय के चारों सदनों से चयनित दोनों शाखाओं के कप्तान, उप कप्तान तथा हेड बॉय, हेड गर्ल ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया तथा शपथ ग्रहण कर मिली जिम्मेदारियों को तन्मयता से निभाने का वादा किया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम सरस्वती वंदना के द्वारा की गई जिसमें विद्यार्थियों ने मां सरस्वती को नमन किया व वातावरण को भक्तिमय में बना दिया। इसके बाद विद्यालय की दोनों शाखाओं से नवचयनित हेड बॉय हितेश ,शौमिल तथा हेड गर्ल चैल्सी, भूमिका ने अपने भाषण के माध्यम से अपने कर्तव्यों को निभाने का हौसला दिखाया। वद्यिालय के छात्रावास के कक्षा नौवीं तथा ग्यारहवीं के छात्रों ने पंजाबी नृत्य के द्वारा वातावरण को खुशनुमा बना दिया।

## 42 की आंखों में मिला मोतियाबिंद



**गोहाना।** शिविर का शुभारंभ करते हुए जीता हुड्डा।

**गोहाना।** बरोदा हलका के लगातार तीन बार विधायक रहे स्व. श्रीकृष्ण हुड्डा की याद में सोमवार को कटवाल गांव में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 576 लोगों के नेत्रों की जांच की गई जिनमें 42 की आंखों में मोतियाबिंद की मिला। इन लोगों की आंखों का गुरुग्राम स्थित इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्साल्य में निःशुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर गांव कटवाल की भूरला चौपाल में आयोजित हुआ। शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर एक बजे तक चला। शिविर का संयुक्त संयोजन स्व. श्रीकृष्ण हुड्डा के बड़े बेटे जीतेंद्र उर्फ जीता हुड्डा और छोटे बेटे डॉ. सुरजीत उर्फ मोनू हुड्डा ने किया। शिविर में गुरुग्राम स्थित इंदिरा गांधी नेत्र चिकत्सिालय की टीम नेत्र जांच करने के लिए पहुंची। नेत्र रोगियों को चश्मे और दवाइयां भी मुफ्त प्रदान किए गए। जिन लोगों की आंखों में मोतियाबिंद मिला उनका आप्रेशन भी निःशुल्क करवाया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


### जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने रिबन काटर की शुरुआत

# ओआरएस कॉर्नर का किया उद्घाटन

■ जिले में डायरिया को खत्म करने के लिए कॉर्नर की हुई है शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ओआरटी कॉर्नर स्थपित किया गया है, जिसका उद्घाटन सोमवार को सीएमओ डा. जयकिशोर ने किया। सीएमओ ने बताया कि बच्चों को डायरिया से बचाने के लिए जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस कॉर्नर खोले गए हैं, जहां ओआरएस पैकेट और जिंक की गोलियां निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। सीएमओ ने जिले वासियों का आह्न किया कि जिला में डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आप सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि डायरिया से बचाव के लिए नम्नि कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। सबसे पहले अपने आस-पास साफ-सफाई रखें और अपने हाथों को साबुन व पानी से अच्छी तरह धोएं। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. नीरज यादव ने डायरिया के उपचार के लिए सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि बच्चे को हर बार डायरिया होने पर ओआरएस का घोल अवश्य पिलाएं। डायरिया के दौरान तथा डायरिया बंद होने के बाद बच्चे को 14 दिन तक जिंक की गोलियां अवश्य पिलाएं। उन्होंने बताया कि बच्चे को डायरिया होते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र/आशा से संपर्क करें। हर स्वास्थ्य केंद्र पर ओआरएस व जिंक निःशुल्क उपलब्ध है। डायरिया से बचाव के लिए आशा द्वारा 59 माह की आयु के बच्चों को घर-घर जाकर ओआरएस व जिंक की गोलियों के दो-दो पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। वहीं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अलंकृता गेरा ने बताया कि अब तक सिविल अस्पताल में डायरिया से पीड़ित 130 बच्चों का उपचार किया जा चुका है तथा गंभीर निर्जलीकरण से पीड़ित 12 बच्चों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में 2458 बच्चों को ओएएस के पैकेट वितरित किए जा चुके हैं तथा 135 स्कूलों में हाथ धोने का प्रदर्शन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक पाए गए 68 डायरिया रोगियों को ओएडीएस पैकेट और जिंक की गोलियां दी गईं।



**सोनीपत।** रिबन काटकर उद्घाटन करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी।

# विद्यार्थियों ने लहराया अपनी जीत का परचम



**गन्नौर।** प्रतियोगिता में पदक जितने के बाद कोच के साथ पुरस्कार लेते प्रयास स्कूल के प्रतिभागी छात्र ।

**गन्नौर।** कराटे एसोसिएशन सोनीपत द्वारा गोहाना में हुई जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें विभन्नि वद्यिालयों के170 खिलाड़ियों व प्रयास इंटरनैशनल स्कूल के 23 वद्यिार्थियों ने भाग लिया। इन प्रतिभावान छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने भार वर्ग में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्रों में तनष्किा, तनष्कि, भावीश, श्रेया, हिमांशी, दीपिका, साक्षी व अक्ष नें स्वर्ण पदक व मनन, दीप्ती, माही, महक, शिवेश, आरुष, ओनीष व आदत्यि नें रजत पदक एवं यशस्वी , अंजुल, आरव, पार्थ, कुनाल, विहान व देव नें कांस्य पदक हासिल किया। विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन काफी प्रभावशाली रहा। मार्शल आर्ट टीम के कोच मोहित कुमार एवं विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। स्कूल के मुख्य निदेशक डा. संजय जैन, अमित बत्रा, स्कूल नर्दिेशिका डा.सुनीरा जैन ,रुचिका बत्रा, प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा, उपप्रधानाचार्या दीपमाला ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन की जीत की बधाई दी।